दिन– शनिवार

दिनांक– 10 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.48 बजे से।
अवधिः– 10 मिनट

संपादक– कृष्ण कुमार लाल
टंकक– गोपाल कुमार

---

01. भारत और पाकिस्तान के बीच आज शाम पांच बजे से संघर्ष विराम लागू। गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई पर लगी रोक।

02. विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा– पाकिस्तान के सैन्य ऑपरेशन महानिदेशक, डीजीएमओ ने संघर्ष विराम के लिए भारत के डीजीएमओ से अनुरोध किया।

03. रक्षा मंत्रालय ने कहा– भारतीय सैन्य बलों ने पाकिस्तान की सैन्य क्षमता को काफी नुकसान पहुंचाया है। पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों को हुई भारी क्षति।

04. और, खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार का शानदार प्रदर्शन। तीन स्वर्ण पदक समेत सत्रह पदकों के साथ पदक तालिका में पन्द्रहवें स्थान पर पहुंचा।

भारत और पाकिस्तान के बीच आज शाम पांच बजे से संघर्ष विराम लागू हो गया है। दोनों पक्षों की ओर से गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई पर रोक लग गई है।विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने नई दिल्ली में इस संबंध में घोषणा की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के सैन्य ऑपरेशन महानिदेशक, डीजीएमओ ने आज दोपहर संघर्ष विराम को लेकर भारत के डीजीएमओ से आग्रह किया। इसके बाद दोनों के बीच इस मुद्दे पर बातचीत हुई और सहमति बनी। श्री मिसरी ने बताया कि सीजफायर के सिलसिले में संबंधित पक्षों को आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं। विदेश सचिव ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच डीजीएमओ स्तर पर बारह मई को एक बार फिर बातचीत होगी।

–––बाइट–––

संघर्ष विराम की घोषणा के बाद रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारतीय सैन्य बलों ने पाकिस्तान की सैन्य क्षमता को काफी नुकसान पहुंचाया है। प्रेस वार्ता में कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि भारतीय हमले ने पाकिस्तान की रक्षात्मक और आक्रामक क्षमताओं को खत्म कर दिया है।

———बाइट———

कर्नल कुरैशी ने बताया कि पाकिस्तान ने भारतीय सैन्य ठिकानों और तकनीकी बुनियादी ढ़ांचे को नष्ट करने संबंधी झूठी खबरें फैलाई।

———बाइट———

कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान का यह दावा बिल्कुल गलत है कि भारत ने किसी भी मस्जिद को नुकसान पहुंचाया है।

———बाइट———

कर्नल कुरैशी ने कहा कि भारतीय सेना देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा लिए हमेशा तैयार है।

———बाइट———

इस बीच, सीजफायर की घोषणा के बाद उत्पन्न परिस्थितियों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक जारी है। बैठक में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, सीडीएस और तीनों सेनाओं के प्रमुख मौजूद हैं।

इधर, विदेश मंत्री डॉक्टर एस. जयशंकर ने कहा कि भारत ने हमेशा से आतंकवाद के हरेक स्वरूप के खिलाफ लगातार दृढ और अडिग रूख अपनाया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में डॉक्टर जयशंकर ने कहा कि भारत भविष्य में भी ऐसा करना जारी रखेगा।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अब तक तीन स्वर्ण, छह रजत और आठ कांस्य पदक जीत लिए हैं। पदक तालिका में राज्य पन्द्रहवें स्थान पर पहुंच गया है। बिहार की टीम ने रग्बी में दो और सेपक टाकरा में एक स्वर्ण पदक जीता है। वहीं, सेपक टाकरा में राज्य की टीम को तीन रजत और एक कांस्य पदक भी मिले हैं। साइकिलिंग में दो रजत और एक कांस्य पदक हासिल हुआ है। इसके अलावा बिहार की टीम ने गतका में एक रजत और चार कांस्य तथा जूडो और शूटिंग में एक–एक कांस्य पदक अपने नाम किया है। पदक तालिका में महाराष्ट्र सत्ताईस स्वर्ण पदक के साथ पहले स्थान पर है। कर्नाटक चौदह स्वर्ण पदक के साथ दूसरे और राजस्थान ग्यारह स्वर्ण पदक के साथ तीसरे स्थान पर है।

---

01. भारत और पाकिस्तान के बीच आज शाम पांच बजे से संघर्ष विराम लागू। गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई पर लगी रोक।

02. विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा– पाकिस्तान के सैन्य ऑपरेशन महानिदेशक, डीजीएमओ ने संघर्ष विराम के लिए भारत के डीजीएमओ से अनुरोध किया।

03. रक्षा मंत्रालय ने कहा– भारतीय सैन्य बलों ने पाकिस्तान की सैन्य क्षमता को काफी नुकसान पहुंचाया है। पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों को हुई भारी क्षति।

04. और, खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार का शानदार प्रदर्शन। तीन स्वर्ण पदक समेत सत्रह पदकों के साथ पदक तालिका में पन्द्रहवें स्थान पर पहुंचा।

समाप्त